कलाओं की मूल संकल्पनाओं के शब्द-कोश का प्रकाशन भी किया है । केन्द्र ने अतः सांस्कृतिक विषयों पर प्रदर्शनियों और सेमिनारों का भी आयोजन किया है । इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र के भवन परिसर के निर्माण के लिए केन्द्र ने यद्यपि जनवरी, 1988 में अमरीकी वास्तुकार, श्री रेल्फ लर्नर के साथ वास्तुशिल्पीय सेवा करार तो किया है किन्तु कार्य अभी अवधारणात्मक योजना स्तर पर ही है ।

भारतीय भाषाओं का विकास

2255. श्री शंकर दयाल सिंह : क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने भारतीय भाषाओं के विकास के लिए कोई योजनाएं तैयार की हैं ; और

(ख) यदि हां, तो उनका ब्यौरा क्या है ?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री चिमनभाई मेहता) : (क) और (ख) भारतीय भाषाओं का विकास तथा उन्हें बढावा देना मुख्य रूप से राज्य सरकारों का कार्य है । तथापि, भारत सरकार भारतीय भाषाओं को बढावा देने के लिए कई कार्यक्रमों को सीधे ही और अपने द्वारा स्थापित किए गए संस्थानों के माध्यम से कर रही है ।

सरकार द्वारा कार्यान्वित किए गए कुछ महत्वपूर्ण कार्यक्रम निम्नलिखित हैं :—

(i) भारतीय भाषाओं में प्रकाशन निकालने के लिए स्वैच्छिक संगठनों के साथ-साथ व्यक्तियों को वित्तीय सहायता देना ।

(ii) विभिन्न भारतीय भाषाओं में विकासात्मक क्रियाकलापों के लिए स्वच्छिक संगठनों को वित्तीय सहायता प्रदान करना ।

(iii) पुस्तकालयों तथा शैक्षिक संस्थाओं को भारतीय भाषाओं में पुस्तकों का (निशुल्क) वितरण ।

(iv) भारतीय भाषाओं में विश्व-विद्यालयीय स्तर की पाठ्यपुस्तकों को तैयार तथा उनका निर्माण करने के लिए राज्यों और विश्वविद्यालयों को वित्तीय सहायता ।

(v) अहिन्दी भाषी राज्यों में हिन्दी अध्यापकों की नियुक्ति की केन्द्रीय प्रायोजित योजना के अन्तर्गत प्राइमरी तथा उच्चतर माध्यमिक स्तरों पर हिन्दी शिक्षकों की नियुक्ति के लिए अहिन्दी भाषी राज्यों/संघ शासित प्रदेशों की सरकारों को वित्तीय सहायता ।

(vi) हिन्दी शिक्षक प्रशिक्षण कालेजों की स्थापना के लिए स्वैच्छिक संगठनों तथा हिन्दी भाषी राज्यों/संघ शासित प्रदेशों की सरकारों को वित्तीय सहायता ।

गरीबी के स्तर की पुनरीक्षा

2256. श्री विश्वास राव रामराव पाटिल : क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मूल्य सूचकांक में होने वाले परिवर्तनों के अनुसार किसी व्यक्ति या परिवार के गरीबी के स्तर की किस प्रकार से पुनरीक्षा की जाती है और पुनरीक्षा की इस प्रक्रिया के कार्य को सामान्यतः कितनी अवधि के अन्तराल पर निष्पादित किया जाता है ; और

(ख) विभिन्न गरीबी उन्मूलन कार्यक्रमों के प्रभाव पर निगरानी रखने तथा उनका मूल्यांकन करने के लिए क्या संस्थागत व्यवस्था की गई है ?

योजना मंत्रालय में राज्य मंत्री और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री भानोय गोवर्धन) :